





## एक नजर में

### समारोहपूर्वक दी हरिश्चंद्र रत्नावत को विदाई



**रतलाम।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ व्याख्याता हरिश्चंद्र रत्नावत के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती अनीता सागर उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती चंचल जायसवाल, श्रीमती भावना कुमावत, गिरीश सारस्वत, सुनील कुमार कदम, गजेंद्र सिंह चाहर, सुरेंद्र मेहता, दीपेंद्र सिंह ठाकुर सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की विशेषता रही कि हरिश्चंद्र रत्नावत के परिजन भी इस आत्मीय समारोह में सहभागी बने। विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमावत ने अपने उद्बोधन में श्री रत्नावत के सेवाकाल की प्रशंसा की। इसके अतिरिक्त शिक्षक श्रीमती अंकिता पाल, सुरेंद्र नायक, आशा शक्तावत, दातार सिंह शक्तावत, प्रतिभा तिवारी एवं अतिथि शिक्षक श्रीमती अमिता मिश्रा, श्रीमती ऐश्वर्या दुबे, लीलाधर बंदोडिया, रामनिवास राठौर, श्रीमती ज्योति सक्सेना, योगेंद्र व्यास को भी विदाई दी गयी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अर्चना टाक ने सुगठित एवं भावनात्मक शैली में किया, जबकि आभार प्रदर्शन श्री मनोज मूणत द्वारा किया गया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, सम्मान पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट करते हुए श्री रत्नावत को उनके योगदान के लिए भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में विद्यालय के स्टाफ सदस्यों आर.सी. पांचाल, मनोज मूणत, शरद शर्मा, श्रीमती माया मौर्या, श्रीमती प्रेमलता व्यास, श्रीमती रीना कोठारी, श्रीमती हेमलता शिवहरे, अनिल शर्मा, श्रीमती अनीता राठौर, यशस्वी वर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### पुलिस ने गुजरात से भटककर रतलाम आए मानसिक विक्षिप्त को परिजनों से मिलाया

**रतलाम।** थाना बिलपांक जिला रतलाम पर ग्राम नगर रक्षा समिति ग्राम नौगावा के सदस्यो के द्वारा एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति के घुमते हुए दिखने पर बिलपांक थाने पर लेकर आये थे। बिलपांक पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछने पर वह अपना पुर्ण पता नही बता पा रहा था। जिसको पुलिस द्वारा भरोसा दिलाकर काफी धैर्यपूर्वक पुछताछ की गई तो उक्त मानसिक विक्षप्त व्यक्ति ने अपना नाम संतोष पिता छगन संगपाल उम्र 41 साल निवासी अडगांव जिला बुरहानपुर का बताया। पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में एसडीओपी रतलाम ग्रामीण किशोर पाटनवाला के नेतृत्व में पुलिस द्वारा अन्य सुत्रो से पतारसी की गई। बुरहानपुर पुलिस, खण्डवा पुलिस, एवं इंदौर पुलिस में सहयोगी दलों से चर्चा की गई। जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि व्यक्ति के परिजन सुरत गुजरात चले गये है जिनका कोई मोबाईल नंबर नही मिल पाया था और ना ही सुरत में उन लोगो का पता मिल पाया था। बुरहानपुर एवं आखोट महाराष्ट्र पुलिस से सम्पर्क कर आसपास के क्षेत्र में उक्त व्यक्ति के फोटो सर्कुलेट करवाए। जिसके आधार पर सूचना प्राप्त हुई कि जलगाँव महाराष्ट्र में उक्त व्यक्ति की बहन रहती है। जिसके मोबाईल नंबर प्राप्त कर संपर्क किया गया एवं साधन उपलब्ध करवाकर उक्त व्यक्ति की बहन व परिजन को बुलवाया गया। परिजनों द्वारा बताया गया कि यह सूरत गुजरात से गुम हो गए है जिन्हें खोजने के प्रयास भी परिजनों द्वारा किए जा रहे थे। बिलपांक पुलिस द्वारा 2 दिन की कड़ी मेहनत के बाद गुमशुदा को परिजनों से मिलवाने में सफलता प्राप्त की। उक्त व्यक्ति को उसकी बहन एवं अन्य परिजनों के सुपुर्द किया गया है। इस प्रयास में सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी मोहम्मद अय्यूब खान, प्र आरक्षक राकेश पंवार, आरक्षक विजय कोगे, आरक्षक हेमंत यादव, आरक्षक संजय सोनी की सराहनीय भूमिका रही।

### गुलाब चक्कर गीत संगीत की कलात्मक प्रस्तुतियों का केंद्र बना



**रतलाम।** शहर के मध्य में स्थित गुलाब चक्कर परिसर नए रूप में निखर रहा है। यहां जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा नित्य प्रति सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। गुलाब चक्कर की रंग बिरंगी रोशनी में कलाकारों को अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिल रहा है। शनिवार शाम को आयोजित हुए कार्यक्रम में सुमित शर्मा ऑर्गेनाइजर भोपाल, जितेंद्र आर्य सीहोर, अजय राजपूत भोपाल, विजय पीतरे भोपाल, योगेश आनंद इंदौर, अवनी उपाध्याय रतलाम आदि के द्वारा संगीतमय प्रस्तुतियां दी गई। पुराने गीतों जैसे ख्वाब हो तुम या कोई हकीकत, सावन का महीना पवन करे सौर, कहीं दूर जब दिन ढल जाए, जैसे गीतों ने श्रोताओं को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, रघुनाथ सूर्यवंशी एसडीओ पीडब्लूडी, महेश सोनी रतलाम ने भी अपनी सुरमई प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के उपरांत कलेक्टर राजेश बाथम ने उपस्थित कलाकारों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त एवं शहर एसडीएम अनिल भाना, सहायक परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अधिकरण अरुण कुमार पाठक, समाजसेवी गोविंद काकानी, सिविल सर्जन डॉ. एमएस सागर, आनंद व्यास, बीएल मुनिया, दीपक उपाध्याय सहित अनेक लोग परिवार सहित उपस्थित रहे।

# शहर से गैस गोदाम को हटाने 4 संचालकों को दो माह का समय

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** शहर में गैस एजेंसी के गोदाम को हटाने की कवायद फिर शुरू हो गई हैं। हादसे की आंशका के चलते कलेक्टर ने 4 गैस एजेंसी संचालकों को शहर से गैस गोदाम को हटानके लिए दो माह का समय दिया हैं।

**गोदाम स्थानांतरित नहीं करने पर सील करने की होगी कार्रवाई**

कलेक्टर राजेश बाथम द्वारा 4 गैस एजेंसीज अमित अग्रवाल एवं श्रीमती कविता अग्रवाल ललित गैस सर्विस इंडियन गैस डीलर, रमेश पीपाड़ा प्रोपराइटर अल्फा गैस सर्विस इंडेन गैस डीलर, श्रीमती सरिता पीपाड़ा प्रोपराइटर अंशुल इंडियन इंडियन गैस डीलर, योगेश शर्मा एवं जय प्रकाश शर्मा पार्टनर रतलाम गैस कंपनी एचपी गैस डीलर, को निर्देशित किया गया है की गैस एजेंसी के गोदाम रतलाम नगर के मध्य होकर आवासीय क्षेत्र में निर्मित है पूर्व में जब गैस गोदाम निर्मित किए गए थे, तब यह स्थान आबादी क्षेत्र में नहीं था। वर्तमान में गैस गोदाम के आसपास घनी आबादी बाग कॉलोनी भी बनी हुई है। गोदाम के आसपास से प्रतिदिन अधिकांश भारी वाहनों एवं लोगों का आवागमन होता रहता है। अचानक आग लगने के कारण भयावह स्थिति निर्मित हो सकती है। पूर्व में प्रेषित पत्रों के माध्यम से नियम अनुसार भूमि मिलने के उपरांत विस्फोटक विभाग से लाइसेंस एवं और संबंधित विभागों से अनुमति मिलने के उपरांत एलपीजी गोडाउन निर्माण/स्थानांतरण, विस्फोटक लाइसेंस आदि प्रक्रिया के लिए उपयुक्त समय चाहा गया था किंतु एक वर्ष व्यतीत होने के पश्चात भी गैस एजेंसियों द्वारा अब तक आवासीय क्षेत्र में निर्मित गैस गोदामों को स्थानांतरित नहीं किया गया है जो अत्यंत आपत्तिजनक है। उक्त निर्देशों के बाद भी उक्त एजेंसियों द्वारा गैस गोदाम को स्थानांतरित करने में रुचि नहीं दर्शाई है और ना प्रगति से अवगत कराया है। अंतिम अवसर देते हुए कलेक्टर श्री बाथम ने निर्देशित किया है कि शहर के मध्य स्थित आवासीय क्षेत्र में दो माह में उक्त गैस गोदाम को स्थानांतरित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जावे अन्यथा उक्त गैस गोदाम सील कर उक्त स्थल से गैस आपूर्ति रोक दी जाएगी। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की स्थिति में दंडात्मक कार्यवाही एवं अभियोजन के लिए गैस एजेंसियां व्यक्तिगत रूप से उत्तरदाई होगी।

**घनी आबादी क्षेत्र में है गैस गोदाम**

वर्तमान में गैस गोदाम के आसपास घनी आबादी बाग कॉलोनी भी बनी हुई है। गोदाम के आसपास से प्रतिदिन अधिकांश भारी वाहनों एवं लोगों का आवागमन होता रहता है। अचानक आग लगने के कारण भयावह स्थिति निर्मित हो सकती है। पूर्व में प्रेषित पत्रों के माध्यम से नियम अनुसार भूमि मिलने के उपरांत विस्फोटक विभाग से लाइसेंस एवं और संबंधित विभागों से अनुमति मिलने के उपरांत एलपीजी गोडाउन निर्माण/स्थानांतरण, विस्फोटक लाइसेंस आदि प्रक्रिया के लिए उपयुक्त समय चाहा गया था किंतु एक वर्ष व्यतीत होने के पश्चात भी गैस एजेंसियों द्वारा अब तक आवासीय क्षेत्र में निर्मित गैस गोदामों को स्थानांतरित नहीं किया गया है जो अत्यंत आपत्तिजनक है।



# फोरलेन पर चक्काजाम कर विरोध कर रहे करणी सेना कार्यकर्ताओं को पुलिस ने खदेड़ा



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** हरदा में रविवार को पुलिस कार्रवाई का विरोध करने पहुंचे करणी सेना परिवार प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी का विरोध करने करणी सेना परिवार के सदस्यों ने सेजावता फंटे पर प्रदर्शन करते हुए चक्कजाम किया। शुरूआत में एक तरफ की लेन जाम की फिर थोडी देर बाद दोनों तरफ की रोड जाम कर विरोध किया।इससे लंबी कतारे लग गई। करीब एक घंटे तक फोरलेन जाम रहा। जाम की सूचना मिलने पर एसपी अमित कुमार के निर्देश पर एएसपी राकेश खाखा सहित रतलाम के सभी थानों से पुलिस अधिकारी और बल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रतलाम से जावरा की ओर जाने वाला रोड खुलवाया। इसके बाद जावरा से रतलाम आने वाले रोड पर करणी सेना परिवार ने चक्काजाम जारी रखा। समझाईश के बाद भी नहीं मानने पर एएसपी राकेश खाखा और पुलिस बल ने हल्का लाठी चार्ज कर बलपूर्वक करणी सेना परिवार को हटाते हुए जाम खुलवाया। पुलिस द्वारा लाठीचार्च करने का विरोध करने कुछ देर बाद कार्यकर्ता एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां हनुमान चालीसा का पाठ किया। लाठीचार्ज कराने पर एएसपी के खिलाफ कार्रवाई मांग की। कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

**कार्यकर्ताओं ने एसपी कार्यालय पहुंच किया हनुमान चालिसा का पाठ**



## कलश यात्रा से प्रारंभ हुई श्री राम कथा

**रतलाम।** श्री हरि कथा योजना एवं वनवासी ट्रस्ट के निर्देशन में श्री राम कथा समिति रतलाम द्वारा सात दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा हैं। रविवार को कथा प्रारंभ होने के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। कथा का वाचन कथा वाचक सुश्री गीता कुमारी (वनवासी कथा वाचक) द्वारा किया।

कलश यात्रा दोपहर 1 बजे गोपालजी का बड़ा मंदिर से प्रारम्भ हुई, जो कि नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर पहुंची। जगह-जगह पुष्पों कर स्वागत किया गया। इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष बजरंग पुरोहित, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष विप्लव जैन, वरिष्ठ नेता मनोहर पोरवाल, भाजपा पार्षद विशाल शर्मा, राजेश महेश्वरी, अनिता कटारिया, सपना दुबे, आयुषी सांखला, सोना शर्मा, सोनू नेका आदि सम्मिलित रहे। मनोहर पोरवाल, गोविंद मालपानी, अनिल पोरवाल, मुन्नालाल जोशी, राकेश नागर, रजनीश गोयल, अनिल पुरोहित, रवि पवार, विशाल जायसवाल, भूपेंद्र जायसवाल, मांगीलाल खराड़ी सहित अन्य ने व्यास पीठ का पूजन किया।

## एक शाम श्री सोनाणा खेतलाजी के नाम कार्यक्रम आज

**रतलाम।** श्री सोनाणा खेतलाजी के भक्त शांतिलाल लादाजी भंडारी की तेरहवीं पुण्यतिथि (13 वां वर्ष) पर राज राजेंद्र भंडारी के सानिध्य में भव्य रथ यात्रा एवं एक शाम श्री सोनाणा खेतलाजी के नाम भजन संध्या का आयोजन होगा। रविवार को सेठिया मैरिज गाार्डन में प्रात: 9 बजे अन्नपूर्णा पूजन (भट्टी पूजन) इसके पश्चात माताजी खेतलाजी को मेहंदी चढ़वाई गई तथा प्रात: 11 बजे गुरुदेव का प्रवेश स्वागत हुआ। सोमवार को प्रात: 9 बजे श्री हनुमान मंदिर माणक चौक रतलाम से रथ यात्रा निकलेगी, जो मुख्य मार्ग से होते हुए सेठिया मैरिज गार्डन पर पहुंचेगी। शाम को भजन संध्या होगी। मण्डल के अंकित भटेवरा ने बताया कि आयोजन में पं. दीपक शर्मा मुख्य पुजारी मां ओसिया धाम, पावागढ़ माताजी के मुख्य पुजारी सागर महाराज, अंबाजी धाम के मुख्य पाठ स्थल के पुजारी कन्हैयालाल महाराज, मोहनलाल जवानमल सांकरिया आदि शामिल होंगे।

## रतलाम केसरी बनने पर बुलेट और राशि देकर किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** विगत दिनों आयोजित मालवा मेवाड़ कुश्ती प्रतियोगिता में राधाकृष्ण व्यायामशाला के पहलवान बलराम मोरिया ने रतलाम जिला केसरी का खिताब जीता। इस पर व्यायामशाला की और से बाजना बस स्टैंड चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में बुलेट मोटरसाइकिल व 21 हजार की राशि का चैक पुरस्कृत किया। साथ ही वेट स्पर्धा मे विजेता 9 पुरुष, महिला पहलवानों को एक एक हजार की इनामी राशि के चैक भी दिए गए। साथ ही गवली समाज के विभिन्न परीक्षाओं में बेहतर परिणाम लाने वाले छात्रों को समाज की और से सम्मानित किया गया।



जानकारी देते हुए व्यायामशाला अध्यक्ष अशोक रोतेला, उस्ताद मुन्ना पहलवान, उपाध्यक्ष रामकिशन पहलवान ने बताया कि अतिथि रतलाम विकास प्राधिकरण पूर्व अध्यक्ष अशोक पोरवाल, सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन चौटाला, जवाहर व्यायामशाला के सूरज जाट थे। आयोजन में अलाबेली अखाड़े के एजाज पहलवान, शीतल सेन पहलवान, भाजपा दीनदयाल मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पंवार, पूर्व अध्यक्ष कृष्णा सोनी, समाजसेवी संतोष मावावाला, पंकज सोनी, सोहन प्रजापत, पूर्व पार्षद अशोक यादव, गवली समाज के अध्यक्ष केलाश चौधरी, समाज के वरिष्ठ भागीरथजी मोरिया, मोहन थम्मार, केलाश दुबेला, देवीलाल रायठोर, टेकाराम का साफा बांधकर कर सम्मान किया गया। व्यायामशाला के कालु रौतेला, महेश मोरिया, मुकेश रायठौर, मोहन गुजेला, काकु थम्मार, बाबु रोतेला पहलवान, लखन दुबेला, केलाश मसानीया, दिनेश मोरिया हिरा गुजेला आदि ने सम्मान किया। संचालन आरसी तिवारी व सर्वेश माथुर व आभार मुकेश पहलवान रतलाम भीम ने माना।



## प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**रतलाम।** बरबड़ हनुमान मंदिर परिसर पर श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज सांस्कृतिक मंच महिला, युवा समिति व सांस्कृतिक फैमिली बीसी ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक रखा। विभिन्न प्रतियोगिता हुई। विजेताओं को पुरस्कृत किया। संयोजक विपिन मोना त्रिवेदी, मंच अध्यक्ष कमल नयन व्यास, कार्यकारी अध्यक्ष स्मिथ ओझा, श्रीमती रितु ओझा, मनोज राखी दशोत्तर, भूपेंद्र अरूणेश व्यास, सुरेश साधना व्यास, सुभाष मीना व्यास, प्रदीप प्रतिभा ओझा, गोपाल ज्योत्सना दशोत्तर, विपुल राजेश्वरी कोटिया, किरण ओझा, वैभव दिव्या, तन्मय व्यास, प्रतीक ओझा, परवेश कोटिया, विशाल कुसुम व्यास, जितेंद्र विभा व्यास उपस्थित थे।

## रूहानियत : अजहर हाशमी के गीतों की कलाकारों ने दी संगीतमय प्रस्तुति

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** अजहर हाशमी के सूफियाना अंदाज में लिखे गीतों की संगीतमय प्रस्तुति का कार्यक्रम रूहानियत रविवार को आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध युवा संगीतकार सिद्धार्थ कश्यप, अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने की।

श्री कश्यप ने कहा कि अजहर हाशमी साहित्य के इनसाइक्लोपीडिया थे। उनका ज्ञान-कोष इतना समृद्ध था कि प्रत्येक साहित्यिक प्रश्न का उत्तर और हर समस्या का समाधान उनके पास सहजता से उपलब्ध हो जाता था। श्री कुमार ने कहा कि अजहर हाशमी की लेखनी सहज, सरल और संवेदनशील है। उनके गीत सीधे दिल में उतरते हैं और इस समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। भावपूर्ण संध्या में स्नेह पंडित, किरण छाबड़ा, संगीता जैन, रुद्राक्ष दवेसर, जितेंद्र चौहान और प्राची पुरोहित ने हाशमीजी की कविताओं को संगीतबद्ध स्वरूप में प्रस्तुत किया। साहित्य अकादमी द्वारा प्रो. अजहर हाशमी पर निर्मित वीडियो क्लिपिंग भी दिखाई गई। वरिष्ठ पत्रकार अर्चना शर्मा द्वारा तैयार किया गया एक विशेष पॉडकास्ट भी दर्शकों के साथ साझा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार क्रांति कुमार चतुर्वेदी, साहित्यकार अरुण जैन, रमेश चोपड़ा, प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला, रतन चौहान, अरविंद पुरोहित, कैलाश व्यास, ओपी मिश्र, डॉ. सुलोचना शर्मा अदिति दवेसर, उदित शर्मा, रचना वर्मा, डॉ. अनिला कंवर, श्वेता नागर, वैदेही कोठारी, आरिफ कुरैशी, तुषार कोठारी, हेमंत भट्ट, अदिति मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे। संचालन डॉ. प्रवीणा दवेसर व आभार सतीश त्रिपाठी ने माना।





**राम वाला हिन्दुस्तान चाहिए**

विशेष आकर्षण रहा 2013 में अजहर हाशमी द्वारा रचित लोकप्रिय गीत मुझको राम वाला हिंदुस्तान चाहिए। इस गीत को प्रस्तुति सिद्धार्थ कश्यप ने संगीतबद्ध किया था और रूप कुमार राठौर ने स्वरबद्ध किया था।

## एक पेड़ मां के नाम से किया पौधा रोपण



**जावरा।** एक पेड़ मां के नाम शासकीय प्रा.वि. हूनखेड़ी में एक पेड़ मॉं के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शंभूलाल कार्यक्रम के अध्यक्ष सरपंच प्रतिनिधि सुमेरसिंह एवं अतिथि राधेश्याम धनोतिया, कैलाश व्यास, सुरेंद्रसिंह गहलोत, गिरधारीलाल गर्डिया, जयप्रकाश मिश्रा, विजय मेहरा, श्याम सुंदर अग्रवाल, बाणसिंह शक्तावत, सलीम फौजदार, महेंद्र बंसल, अभय धारीवाल, रामदयाल पाटीदार, राधेश्याम बोडाना आदि अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए तथा सेवानिवृत होने वाले प्राचार्य सुनील भट्ट का शाल श्रीफल से सम्मान किया। स्वागत भाषण शाला प्रभारी पुखराज सुमन ने किया। संचालन ओमप्रकाश त्रिवेदी ने किया तथा आभार मनीष अग्रवाल ने माना।



## करणी सेना ने 20 मिनिट करा फोरलेन तिराहा जाम

**जावरा।** हरदा मे प्रदर्शन के दौरान करणी सेना के जीवनसिंह शेरपुर की गिरफ्तारी और करणी सेना परिवार के कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के बाद जावरा फोरलेन तिराहे पर करणी सैनिको ने विरोध स्वरूप चक्काजाम कर दिया। शाम 5 बजे जोयो तिराहे के पास महू-नीमच हाईवे और जावरा-उज्जैन टू लेन दोनों पर वाहनों को रोक दिया। सुचना मिलते ही पुलिस फोर्स और बटालियन की टीम मौके पर पहुंची। वहीं कार्यकर्ताओं ने करीब 20 मिनीट तक उज्जैन तरफ का ट्रैफिक जाम किया। सुचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश आर्मो के साथ शहर थाना प्रभारी जितेंद्रसिंह जादोन और आइए थाना प्रभारी विक्रमसिंह चोहान के साथ पुलिसबल मौके पर पहुंचा। पुलिस की समझाइश के बाद करणी सेनीक माने और करीब 20 मिनीट के बाद यातायात बहाल हुआ।

**पुलिस की समझाइश के बाद माने, फिर हुआ यातायात बहाल-**



## भगवान महावीर ने हमें आत्मोद्धार के लिए साधना का मार्ग बताया

**जावरा।** जैन धर्म में इसलिए सामायिक का बडा महत्व है। हम सामायिक की क्रिया तो करते हैं लेकिन उसके लिए निर्धारित नियमों का पालन नही करते। सामायिक का विधिपूर्वक करना ही साधना है।



खरतरगच्छाधिपति, जंगम युगप्रधान 1008 जिनचंद्रसुरिश्वर मसा ने यहां पीपली बाजार जैन मंदिर स्थित खरतरगच्छ उपाश्रय पर आयोजित धर्मसभा मे यह बात कही। आपने कहा कि हम नित्य को छोडकर अनित्य को ही सब कुछ समझ बैठे, यही हमारे सभी दुखों का कारण है। परमात्मा ने हमें साधनों से दूर रहकर साधना के मार्ग पर चलने का ज्ञान प्रदान किया है। यही वह मार्ग है जो हमे आत्मस्वरूप

का बोध करा कर मोक्ष मार्ग की ओर ले जा सकता है। इस मौके पर यति अमृतसुन्दरजी, यति सुमतिसुन्दरजी, आर्या संकितप्रभाश्री ने भी अपनी बात कही।

प्रारंभ में कुशल महिला मंडल ने मंगलाचरण एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्वागत भाषल श्रीसंघ अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने दिया। खरतरगच्छ श्रीसंघ ने श्रीपूज्य जी को कामली ओढाई गई। इस मौके पर आजादसिंह ढड्ढा, शांतिलाल मेहता, हिम्मतसिंह श्रीमाल, अभय कोठारी, प्रदीप लोढा, सुशील जैन, नवनीतसिंह श्रीमाल, ललित जैन, कमल जैन, प्रकाश कोठारी, विजय बोरदिया, पंकज मेहता, आशीष धारीवाल, आशीष दासोत, विजय ढड्ढा सहित बडी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित रहे। संचालन श्रेयांश जैन ने किया तथा आभार संजय तलेरा ने माना।